डेंगू के मच्छर को घेरकर सफाया करने निगम चला रहा है विशेष अभियान, संतोषी पारा में मच्छरों का खात्मा करने निगम ने झोंकी ताकत

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 25 संतोषी पारा में कलेक्टर डॉक्टर सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे एवं निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर डेंगू उन्मूलन के तहत मच्छरों को घेरकर खात्मा करने के लिए भिलाई निगम द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है! जिसके तहत निगम के अन्य जोन क्षेत्रों के स्वास्थ्य अधिकारी अपने अमले के साथ संतोषी पारा में डेंगू रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए पहुंचे और निगम क्षेत्र की संपूर्ण फागिंग मशीन से संतोषी पारा के क्षेत्रों में पूरे एरिया को प्रारंभिक गलियों से घेरकर अंतिम छोर तक मच्छरों को नष्ट करने का कार्य किया! 22 हैंडसेट फागिंग मशीन , 6 मोटर व्हीकल माउंटेन से संतोषी पारा के पूरे क्षेत्र से किया गया इस दौरान निगम के स्वच्छता सुपरवाइजर मोहल्ले में कोई एरिया न छूटे इसलिए निरीक्षण करते रहे! संतोषी पारा के रामानंद किराना स्टोर , देवांगन गली, माता मंदिर लाइन , आदर्श हॉस्पिटल लाइन , केशव मेमोरियल स्कूल, चौहान आटा चक्की लाइन, पक्का कुंवा लाइन, यादव पारा, विवेकानंद नगर के आसपास, मितानिन पूर्णिमा देवांगन गली, बिहारी मोहल्ला, यादव गली, निराला लाइन, पार्षद लाइन, मिलन चौक, गंगा इमली लाइन, शिव मंदिर लाइन, साईं मंदिर लाइन, राष्ट्रीय विद्यालय के पीछे लाइन , हुडको क्वार्टर, न्यू संतोषी पारा, मजार लाइन विभिन्न गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं! सफाई , नाली सफाई, चूना एवं ब्लीचिंग का छिड़काव, मेलाथियान एवं टेमीफास् का स्प्रे ,फागिंग कार्य, विभिन्न प्रकार के पात्रों का निरीक्षण , टेमीफास का वितरण, जन जागरूकता कार्य, इनके माध्यम से किया जा रहा है!

राधिका नगर में नाली से अतिक्रमण हटाने चला अभियान, मिलन चौक से चौरसिया पान ठेला तक 80 से अधिक स्थानों पर नाली के ऊपर किए गए कब्जे को तोड़ा गया

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत राधिका नगर में नाली से अतिक्रमण हटाने आज विशेष अभियान चलाया गया। निगम के सभी क्षेत्र में बारिश पूर्व एवं आगमन पर नालियों की विशेष सफाई के तहत सभी जाम नालियों से कचरे को निकाला जा रहा है। वार्ड 04 स्लाटर हाउस रोड के किनारे नालियों पर लोगों ने अतिक्रमण कर लिए थे जिससे नालियों की सफाई में परेशानी होने लगी थी, क्षेत्र के 80 से अधिक स्थानों पर नाली से कब्जा हटाने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की टीम दो जेसीबी और हाइवा के साथ पहुंची और कार्यवाही किए ताकि बारिश के मौसम में जलभराव की स्थिति न हो , मौके से 12 ट्रीप मलबा भी हटाया गया। भिलाई निगम क्षेत्र अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 04 राधिकानगर में नाली से अतिक्रमण हटाने आज अभियान चलाया गया। स्लाटर हाउस रोड में 500 मीटर लंबी नाली पर क्षेत्र के कुछ लोग व दुकानदारों ने सड़क किनारे बने नाली में अतिक्रमण किए थे। इस कारण निगम के सफाई कर्मियों को नाली सफाई में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था , नालियों में झिल्ली, पन्नी व अन्य कचरा के कारण नाली जाम होने लगी थी। बारिश के पूर्व सभी प्रकार के छोटे-बड़े नालियों की सफाई एवं अतिक्रमण मुक्त करने आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने निगम के अधिकारियों एवं जोन आयुक्तों को निर्देश दिए हैं! निर्देश के परिपालन में स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा द्वारा प्रातः से मौके पर उपस्थित होकर नाली से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही क्षेत्र में कराई गई। जोन क्रमांक 1 के प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक कमलेश द्विवेदी ने बताया कि सुबह 7 बजे से स्लाटर हाउस रोड में मिलन चौक से चौरसिया पान ठेला तक नाली से कब्जा हटाने की कार्यवाही की गई। निगम के स्वच्छता के कर्मचारी मौके पर मौजूद होकर नाली सफाई के अभियान में जुट गए तथा दो जेसीबी के माध्यम से नाली पर किए गए 80 से अधिक स्थान घर व दुकान के सामने से अतिक्रमण को हटाया गया